बुरहानपुर 17-11-2023

बुरहानपुर भास्कर

नेपानगर ▸ शाहपुर ▸ धूलकोट ▸ निंबोला ▸ डेढ़तलाई ▸ खकनार

खंडवा, शुक्रवार, 17 नवंबर, 2023 कार्तिक शुक्ल पक्ष-04, 2080

प्रसन्नता • बहुजन नगर निवासी युवक 20 साल पहले घर से हो गया था लापता

# 20 साल बाद अचानक बेटा घर लौटा तो मां बोली- बिछड़े हुए बेटे को पाकर क्या खुशी मिलती है यह एक मां ही जानती है

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

20 साल बाद घर के बाहर आकर एक एनजीओ की गाड़ी रूकी। वाहन से जैसे ही करीब 42 साल का धर्मेंद्र उतरा, तो परिजन उसे देखकर दौड़ पड़े। मोहल्ले के लोग भी शोर सुनकर जमा हो गए। किसी को यकीन नहीं हो रहा था कि 20 साल पहले घर से अचानक गायब हुआ धर्मेंद्र पिता लिमड़ा आज घर वापस लौट आया है। मुंबई की एक एनजीओ संस्था उसे लेकर पहुंची थी। पूछने पर धर्मेंद्र की मां ने कहा बिछड़े हुए बेटे को वापस पाकर एक मां को कितनी खुशी होती है यह वहीं जान सकती है। दरअसल करीब 20 साल पहले धर्मेंद्र लिमड़ा निवासी बहुजन नगर अचानक घर से कहीं चला गया था। परिजन ने उसकी तलाश की, लेकिन वह नहीं मिला। जब वह घर से गया था तब उसका एक बेटा था। जबकि पत्नी गर्भवती थी। अब लौटा तो बच्चे भी बड़े हो गए। वह मानसिक रूप से कमजोर है।

20 साल बाद वापस घर लौटने पर परिजन के साथ धर्मेंद्र।

## संस्था के वाहन से लेकर पहुंचे नेपानगर

संस्था के सदस्य युवक को उनके वाहन से लेकर नेपानगर आए। इस दौरान युवक ने अपने परिजन को भी पहचान लिया। मां और पिता का नाम भी बताया। उसकी मां ने कहा वह मानसिक रूप से कमजोर है। उसके घर से चले जाने के बाद हमने उसकी काफी तलाश की थी, लेकिन वह नहीं मिला था।

## मुंबई में सड़क किनारे भटकता मिला था

करीब पांच माह पहले धर्मेंद्र मुंबई की सड़कों पर घूमते हुए मिला। उसे एक व्यक्ति ने एनजीओ संस्था श्रद्धा रिहैबिलिटेशन सेंटर को सौंपा। इसके संरक्षक डॉ. भरत वटवानी हैं। जब धर्मेंद्र मिला, तो वह मानसिक रूप से ठीक नहीं था। युवक को साथ लेकर नेपानगर पहुंचे संस्था के डॉ. उदय भारोसे ने बताया युवक मुंबई में रोड पर भटकते हुए मिला था। उपचार के बाद वह अस्पताल में ठीक हुआ। तब उसने पता बताया। उसने कहा कि मैं मप्र के नेपानगर का रहने वाला हूं।